# कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर (म.प्र.)

दूरभाष एवं फेक्स :— (07562)224706 ई—मेलः—heggcseh@mp.gov.in

वेव.:— www.mpcolleges.nic.in/ggdcsehore/index.html


## //नैतिक शिक्षा का जीवन मे महत्व//

दिनांक 29/12/2023 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में प्रजापिता ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सहयोग से नैतिक शिक्षा का जीवन में महत्व विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.एल. जैन ने छात्राओं को अकादमिक शिक्षा के अलावा नैतिक शिक्षा की आवश्यकता को समझाया।




ईश्वरीय संस्था की बहन पंचशीला दीदी ने छात्राओं को मनोबल बढ़ाना, मन को मजबूत बनाना, आत्म विश्वास बढ़ाना आदि जैसे गुणों को विकसित करने की कला को बताया।





मुख्य वक्ता के रूप में ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउण्ट आबू के शांति वन में सेवाये प्रदान कर रहे ब्रहाकुमार भगवान भाई ने छात्राओं को जीवन में नैतिक शिक्षा के मुल्यो के महत्व को बताते हुए कहा कि सर्वप्रथम हमे अपनी सोच सकारात्मक करनी होगी जिससे आत्मविश्वास में वृद्धि, तनाव मुक्त जीवन एवं संघर्षो से दूर रहने की सीख मिलती है। शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति

को साक्षार करना नही बल्कि शिक्षित करना है जो उसे अंधकार से प्रकाश, असत्य से सत्य एवं अवगुणो से सदगुणो की और ले जाता है।



आज की युवा पीढ़ी मे अनैतिकता के मुख्य पांच कारण– गलत संगत, मीडिया का प्रभाव, नशा , फैशन एवं नकारात्मक सोच है जिस पर विजय प्राप्त करने के लिए ध्यान, पैदल चलना तथा अच्छे साहित्य का अध्ययन तीनो ही कारगार सिद्ध होंगे। कई जीवंत उदाहरणो के साथ भगवान भाई ने छात्राओं को न केवल प्रेरित किया बल्कि सकारात्मक सोच को विकसित करने के गुण भी बताए। अंत में उन्होने छात्राओं से ध्यान भी करवाया।





संपूर्ण कार्यक्रम डॉ. मंजरी अग्निहोत्री कार्यक्रम अधिकारी रा.से.यो के मार्गदर्शन, ब्रहमकुमारी संस्था  के सहयोगी एंव रासेयो स्वयंसेवक निकिता, खुशी कलमोडिया, मंजू मेवाड़ा, संजना, राधिका, आदि के सहयोग से संपंन हुआ ।



हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Bhopal Sehore Bhoomi - 30 Dec 2023 - Page 2

## नैतिक शिक्षा का जीवन में महत्व विषय पर व्याख्यान आयोजित

सीहोर। शासकीय कन्या महाविद्यालय में नैतिक शिक्षा का जीवन में महत्व विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान में सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएल जैन ने छात्राओं को अकादमिक शिक्षा के अलावा नैतिक शिक्षा की आवश्यकता को समझाया। ईश्वरीय संस्था की बहन पंचशीला दीदी ने छात्राओं को मनोबल बढ़ाना, मन को मजबूत बनाना, आत्म विश्वास बढ़ाना आदि जैसे गुणों को विकसित करने की कला को बताया। मुख्य वक्ता के रूप में ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउण्ट आबू के शांति वन में सेवायें प्रदान कर रहे ब्रह्मकुमार भगवान भाई ने छात्राओं को जीवन में नैतिक शिक्षा के मूल्यो के महत्व को बताते हुए कहा कि सर्वप्रथम हमे अपनी सोच सकारात्मक करनी होगी। जिससे आत्मविश्वास में वृद्धि, तनाव मुक्त जीवन एवं संघर्षों से दूर रहने की सीख मिलती है। शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को साक्षार करना नही बल्कि शिक्षित करना है, जो उसे अंधकार से प्रकाश, असत्य से सत्य एवं अवगुणो से सदगुणो की और ले जाता है।

# कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर (म.प्र.)

दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)2247 ई–मेल:–heggcseh@mp.gov.in

वेo.:– www.mpcolleges.nic.in/ggdcsehore/index.html


## राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन

दिनांक 24/01/2024 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय सीहोर के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ में मुख्य अतिथियों का स्वागत बुके एवं रा. से.यो बैज व तिलक लगाकर किया गया।





स्वागत भाषण में राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष राम विकास प्रजापति ने अतिथियो का स्वागत करते हुए छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित निश्चित करने का संदेश दिया। युवा विकास मंडल संस्था के कार्यक्रम समन्वयक श्री ऋतुराज खांडे जी ने छात्राओं को बताया कि उनकी संस्था महिला हिंसा की रोकथाम का प्रयास करती है तथा सेवा के लिए सदैव तैयार रहती है।





जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीशान खान ने छात्राओं को कानूनी प्रक्रिया से परिचित कराते हुए विधायक साक्षरता एवं विवेक जागरूकता की विस्तृत जानकारी दी। जिला सेवा प्राधिकरण केंद्र हर संभव कानूनी मदद देता है तथा निशुल्क परामर्श भी देता है ।मुख्य वक्ता के रूप में जिला न्यायाधीश श्री मुकेश कुमार दांगी ने छात्राओं को पूर्व में महिलाओं की स्थिति बताते हुए कहा कि आज उनकी स्थिति तो बेहतर हुई है किंतु लोगों के मानसिक विचार नहीं बदले हैं उदाहरण देते हुए उन्हें कहा कि यदि एक महिला भी कुछ अच्छा करने एवं परिवर्तन की दृष्टि से आगे बढ़ती है तो समाज में बदलाव ला सकती है




उन्होंने छात्राओं को मोबाइल के द्वारा होने वाली ब्लैकमेलिंग, गलत चैटिंग उनको खतरे में डाल सकती है तो मीडिया का प्रयोग अच्छे कामों एवं ज्ञानवर्धक के लिए ही करना चाहिए। छात्राओं को न्याय के क्षेत्र में करियर बनाने की भी जानकारी दी। अंत में उन्होंने छात्राओं को उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों के भी जवाब दिए।




कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त करते हुए रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजरी अग्निहोत्री ने छात्राओं के समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़कर अपना स्थान बनाने के लिए प्रेरित किया तथा बिना डरे जीवन में सफलता पाने की शुभकामनाएं दी।





संपूर्ण कार्यक्रम में डॉ. एम एन हुसैन, श्रद्धा मेवाड़ा, सुहानी, वर्षा, सुहानी, मंजू मेवाड़ा, दीक्षा, शिवानी, अंकीला, पलक शर्मा आदि छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में कार्यक्रम में उपस्थित समस्त सदस्यों एवं छात्राओं ने सेल्फी पॉइंट से फोटो भी लिए।












